कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजकुमार कसाना, पता–सहायक अभियंता, 132 केवी जीएसएस आरवीपीएनएल, बांदीकुई जिला दौसा –303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 87/2023

निर्णय

दिनांक 08.01.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा को पत्र क्रमांक: डीएम/कोर्ट/2023/2310 दिनांक 07.12.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देष प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.02.06 14:02:15 IST
Reason: SelfAttested